CODECHEF

September Long Challenge 2018
सितम्बर लॉग चैलेंज 2018

Chef and Adventures (शेफ़ एंड अड्वेंचर्ज़)

Problem code : CHEFADV

शेफ़लैंड एक जादुई क़िस्म का लोक है। हाल ही में शेफ़ को ये ध्यान में आया कि डिस्कस, जो कि शेफ़लैंड का शैक्षणिक सिस्टम है, वो पुराना हो चला है। इसलिए अब वो इसके नवीनीकरण के तरीक़े ढूँढ रहा है। ऐसा एक तरीक़ा है डिस्कस पे मौजूद सभी चीज़ों को डिस्कॉर्स नामक सिस्टम पर ले जाना।

डिस्कॉर्स का उपयोग कर पाने के लिए शेफ़ को knowledge और power इन दोनों मात्राओं को N और M के बराबर करना है। शुरुआत में ये दोनों मात्राएँ 1 हैं, अर्थात knowledge = 1 और power = 1

इन मात्राओं को बढ़ाने के लिए शेफ़ निम्न क्रियाएँ कर सकता है:

- किसी प्रश्न को हल करना - इससे knowledge में X की वृद्धि होगी।
- पुश-अप करना - इससे power में Y की वृद्धि होगी।
- मित्रों से सम्पर्क में रहने के लिए शेयरचैट ऐप इंस्टॉल करना - इससे knowledge और power दोनों की ही 1 से वृद्धि होगी।

शेफ़ शेयरचैट सिर्फ़ एक बार इंस्टॉल कर सकता है। बाक़ी दोनों क्रियाएँ कितनी भी बार की जा सकती हैं। सभी क्रियाएँ किसी भी क्रम में की जा सकती हैं।
आप ये बताइए कि क्या शेफ़ के लिए डिस्कस से डिस्कॉर्स पर जाना सम्भव है या नहीं?

इनपुट:

- इनपुट की पहली लाइन में एक इंटीजर T है जो टेस्ट केसेज़ की संख्या बताता है। टेस्ट केसेज़ इस प्रकार हैं :
- हर टेस्ट केस की पहली लाइन में चार इंटीजर N, M, X, Y हैं जिन सबके बीच स्पेस है।

आउटपुट:

हर एक टेस्ट केस के लिए एक अकेली लाइन प्रिंट करें जिसमें एक स्ट्रिंग हो। अगर दोनों मटरों को उचित स्तर पर ले जाना सम्भव हो तो ये स्ट्रिंग "Chefirnemo" होनी चाहिए, और न हो तो ये स्ट्रिंग “Pofik” होनी चाहिए।

बाध्यता / Constraints

- $1 \leq T \leq 1000$
- $1 \leq N, M, X, Y \leq 10^9$

सब्टास्क / Subtasks

सब्टास्क #1: 30 points :

- $1 \leq N, M, X, Y \leq 100$

सब्टास्क #2: 70 points :

- प्रारंभिक बाध्यता / original constraints

इनपुट उदाहरण

5
2 2 1 2
11 10 5 9
11 11 5 9
12 11 5 9
1 2 1 100

आउटपुट उदाहरण

Chefirnemo
Chefirnemo
Pofik
Chefirnemo
Pofik

उदाहरण का स्पष्टीकरण

दूसरा केस - एक बार Y=9 जोड़ने के बाद power = 10 हो जाती है। knowledge में दो बार X=5 जोड़ने पर knowledge = 11 हो जाती है।

तीसरा केस - Power M =11 करना असम्भव है। ध्यान दें कि शेयरचैट इंस्टॉल करने की क्रिया knowledge और power दोनों को ही 1 से बढ़ा देगी और एक ही समय दोनों का उचित स्तर पाना असम्भव हो जाएगा।

चौथा केस - दूसरे केस की तरह ही हम knowledge = 11 और power = 10 कर सकते हैं, बस इसके लिए हमें शेयरचैट इंस्टॉल करने की क्रिया से दोनों को 1 से बढ़ाना होगा